**प्रेस नोट - दिनांक 22.01.2025**

**साइबर क्राइम थाना जनपद उन्नाव ।**

**प्रा0स्वा0 केन्द्र औऱास जनपद उन्नाव के सी.आर.एस.पोर्टल को हैक कर ई.मेल.आई.डी. व पासवर्ड तैयार कर फर्जी तरीके से जन्म-प्रमाण पत्र जारी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार।**

**कब्जें से 55 अदद जन्म प्रमाण पत्र की छाया प्रतियां, सी.आर.एस. पोर्टल की यूजर आई.डी. व पासवर्ड की छाया प्रतियां, 02 अदद लैपटाप, 01 अदद प्रिन्टर, 04 अदद स्मार्ट फोन बरामद।**

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी महोदय व क्षेत्राधिकारी नगर महोदया के कुशल पर्यवेक्षण में साइबर अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साइबर थाना पुलिस द्वारा सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थय केन्द्र औरास जनपद उन्नाव के सी.आर.एस. पोर्टल को हैक कर ई.मेल.आई.डी. व पासवर्ड तैयार कर फर्जी तरीके से जन्म-प्रमाण पत्र जारी करने वाले एक अभियुक्त को कब्जे से 55 अदद जन्म प्रमाण पत्र की छाया प्रतियां, सी.आर.एस. पोर्टल की यूजर आई.डी. व पासवर्ड की छाया प्रतियां, 02 अदद लैपटाप, 01 अदद प्रिन्टर, 04 अदद स्मार्ट फोन, 01 अदद रजिस्टर बरामद कर गिरफ्तार किया गया है।**

**संक्षिप्त विवरण-** दिनाँक 18.01.2025 को डॉ0 अनूप सिंह प्रभारी प्रा0स्वा0 केन्द्र औरास द्वारा साइबर थाना जनपद उन्नाव पर तहरीरी सूचना दी गई कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा सीएचसी औरास के सी.आर.एस. पोर्टल को हैक कर ई.मेल.आई.डी. व पासवर्ड तैयार कर फर्जी तरीके से जन्म-प्रमाण पत्र जारी किये जा रहे है जिनका कोई अभिलेख अस्पताल में नही है। प्राप्त तहरीर के आधार पर साइबर थाना उन्नाव पर मु0अ0स0 03/25 धारा-318(4)/338 बी.एन.एस. एवं धारा 66 /66(सी) आई.टी. एक्ट बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। आज दिनांक 22.01.2025 को प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना श्री ज्ञान प्रकाश तिवारी मय हमराह टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये अभियुक्त अभिषेक गुप्ता पुत्र स्व0 राजेन्द्र गुप्ता

निवासी-मं.नं.-342/125 नौबस्ता सआदतगंज चौक जनपद लखनऊ व हाल पता 599/180 एस.बी. प्रेमा बिहार कालोनी आलमनगर राजाजीपुरम थाना तालकटोरा जनपद लखनऊ उम्र लगभग 30 वर्ष को कब्जें से 55 अदद जन्म प्रमाण पत्र की छाया प्रतियां, सी.आर.एस. पोर्टल की यूजर आई.डी.व पासवर्ड की छाया प्रतियां 20 वर्क, 02 अदद लैपटाप,01 अदद प्रिन्टर, 04 अदद स्मार्ट फोन, 01 अदद रजिस्टर बरामद कर गिरफ्तार किया गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

अभिषेक गुप्ता पुत्र स्व0 राजेन्द्र गुप्ता निवासी-मं.नं.-3428125 नौबस्ता सआदतगंज चौक जनपद लखनऊ व हाल पता 599/180 एस.बी. प्रेमा बिहार कालोनी आलमनगर राजाजीपुरम थाना तालकटोरा जनपद लखनऊ उम्र लगभग 30 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण-** 55 अदद जन्म प्रमाण पत्र की छाया प्रतियां, सी.आर.एस. पोर्टल की यूजर आई.डी. व पासवर्ड की छाया प्रतियां 20 वर्क, 02 अदद लैपटाप,01 अदद प्रिन्टर, 04 अदद स्मार्ट फोन,01 अदद रजिस्टर बरामद

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-**

प्र0नि0 श्री ज्ञान प्रकाश तिवारी,साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद-उन्नाव।
उ0नि0 श्री अयोध्या प्रसाद,साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद-उन्नाव।
मु0आ0 प्रवीण कुमार,साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद-उन्नाव।
मु0आ0 तरूण कुमार सिंह,साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद-उन्नाव।
आरक्षी शमसुद्दीन,साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद-उन्नाव।
आरक्षी मोनू यादव,साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद-उन्नाव।



UNNAO POLICE

**प्रेस नोट - दिनांक 22.01.2025**

**थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव।**

## करीब 09 लाख रूपये कीमत का 20 किलो गांजा व एक वैगनार कार के साथ 02 तस्कर गिरफ्तार।

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी महोदय व क्षेत्राधिकारी नगर महोदया के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली सदर पुलिस एवं सर्विलांस टीम द्वारा एक सफेद रंग की वैगनार कार से लगभग 09 लाख रूपये कीमत का 20 किलो गांजा बरामद कर 02 तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।**

**संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 21.01.2025 को रात्रि में थाना कोतवाली सदर पुलिस एवं सर्विलांस टीम द्वारा हुसैन नगर चौराहे पर चेकिंग के दौरान एक सफेद रंग की वैगनार गाड़ी नं0 UP 35 AK 0848 सवार दो अभियुक्तों 01. गुड्डू पुत्र असगर उम्र करीब 28 वर्ष नि0 पीरनपुर निकट चन्द्र बालिका नव भारती इण्टर कालेज थाना कोतवाली सदर जनपद फतेहपुर हालपता किराये का मकान निकट इस्माईल चक्की तालिब सराय थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव 02.अशोक कुमार पुत्र स्व0 छेदीलाल उम्र करीब 38 वर्ष नि0 1/419 मोहल्ला शक्ति नगर थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव को कार से एक ट्राली बैग व एक सफेद बोरी में रखा 20 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया। कार में सवार दो अन्य अभियुक्त 01. रिजवान खान पुत्र सुहैल अहमद नि0 तालिब सराय थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव 02. अल्ताफ पुत्र सुहैल अहमद नि0 तालिब सराय थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गये, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। उपरोक्त दोनो अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली सदर पर मु0अ0सं0 53/2025 धारा- 8/20 NDPS ACT पंजीकृत किया गया है तथा वैगनार कार न0 UP 35 AK 0848 को धारा 207 MV ACT में सीज किया गया है।

## गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

01. गुड्डू पुत्र असगर उम्र करीब 28 वर्ष नि0 पीरनपुर निकट चन्द्र बालिका नव भारती इण्टर कालेज थाना कोतवाली सदर जनपद फतेहपुर हालपता किराये का मकान निकट इस्माईल चक्की तालिब सराय थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव।
02. अशोक कुमार पुत्र स्व0 छेदीलाल उम्र करीब 38 वर्ष नि0 1/419 मोहल्ला शक्ति नगर थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव।

**बरामदगी का विवरण-** 20 किलोग्राम नाजायज गांजा, वैगनार गाडी नं0 UP 35 AK 0848 धारा 207 MV ACT में सीज

## गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-

प्र0नि0 श्री प्रमोद कुमार मिश्रा थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव

उ0नि0 श्री राजेश कुमार दीक्षित चौकी प्रभारी किला थाना कोतवाली सदर
उ0नि0 श्री अंजनी सिह चौकी प्रभारी अस्पताल थाना कोतवाली सदर
हे0का0 भालचन्द्र
हे0का0 संजीव कुमार
का0 राजेश कुमार

## सर्विलांस सेल

उ0नि0 श्री मुन्ना कुमार प्रभारी सर्विलांस सेल मय टीम

.



**प्रेस नोट - दिनांक 22.01.2025**

**थाना बांगरमऊ, जनपद उन्नाव।**




## 10,000/- रु0 का इनामिया वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बांगरमऊ पुलिस द्वारा 10,000/- रु0 इनामिया वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** थाना बांगरमऊ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 349/24 धारा 137(2)/87/351(3) BNS व 3(2)V SC/ST Act में दस हजार रुपये पुरस्कार घोषित वांछित अभियुक्त 1. शहनूर पुत्र जुम्मन निवासी भटियापुर थाना बांगरमऊ जनपद उन्नाव उम्र करीब 27 वर्ष को थाना बांगरमऊ पुलिस द्वारा आज दिनांक 22.01.2025 को आगरा एक्सप्रेस-वे के नीचे पुल के पास से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को विधिक कार्यवाही करते हुये माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

शहनूर पुत्र जुम्मन निवासी भटियापुर थाना बांगरमऊ जनपद उन्नाव उम्र करीब 27 वर्ष

**आपराधिक इतिहास**

मु0अ0सं0 572/22 धारा 363/366/376 भादवि, 3/4 पाक्सो एक्ट व 3(2)V SC/ST ACT
मु0अ0सं0 349/21धारा 323/354/504/506 भादवि0व 3(1) द,ध SC/ST ACT

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-**

1. उ0नि0 श्री जिब्राइल शेख थाना बाँगरमऊ
2. का0 गोविन्द सिरोही , थाना बाँगरमऊ
3. म0का0 रेनू (थाना बेहटामुजावर)



**प्रेस नोट - दिनांक 22.01.2025**

**थाना फतेहपुर चौरासी, जनपद उन्नाव ।**

## दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना फतेहपुर चौरासी पुलिस द्वारा दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** थाना फतेहपुर चौरासी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 20/2025 धारा-140(3)/127(2)/115(2)/351(3)/64 बीएनएस में वांछित अभियुक्त साजन उर्फ सज्जनलाल पुत्र करन नि0 कछियनखेडा म0 सूसूमऊ थाना फतेहपुर चौरासी जनपद उन्नाव उम्र करीब 28 वर्ष को थाना फतेहपुर चौरासी पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 22.01.2025 को ग्राम मुड़हा तिराहे से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

साजन उर्फ सज्जनलाल पुत्र करन नि0 कछियनखेडा म0 सूसूमऊ थाना फतेहपुर चौरासी जनपद उन्नाव उम्र करीब 28 वर्ष ।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 श्री दिनेश कुमार रावत

2.हे0का0 विनोद कुमार

